भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1200

11 फरवरी, 2025 को उत्तर के लिए

सीएसआर के तहत कल्याणकारी कार्य

1200. श्री अजय कुमार मंडल:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत सामाजिक कल्याण संबंधी कार्यों के लिए किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान विभिन्न कार्यों पर कितनी निधि व्यय की गई है तथा स्थानवार कितने लोग इससे लाभान्वित हुए;

(ग) क्या सरकार सीएसआर के अंतर्गत निधि के उपयोग के संबंध में कोई मानदंड निर्धारित किए हैं;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकर का विचार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने का है कि सीएसआर के अंतर्गत निधि का व्यय विशेष रूप से आकांक्षी ब्लाकों और बिहार में किया जाए और यदि हां, तो ततसंबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार को सेल द्वारा की गई सीएसआर गतिविधियों की निगरानी के लिए कोई सामाजिक संपरीक्षा रिपोर्ट प्राप्त हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम रहे?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) से (ग): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) मुख्य रूप से स्टील टाउनशिप और खदानों के आसपास के क्षेत्रों में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 तथा सीएसआर नियमों और उसके संशोधनों के प्रावधानों के अनुरूप कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) परियोजनाएं चलाता है। इसके प्रमुख क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, महिला सशक्तिकरण, स्वंय सहायता समूहों के माध्यम से सतत आय सृजन, दिव्यांगजनों (विशेष योग्यता वाले लोगों) को सहायता, जल और स्वच्छता

जारी....

सुविधाओं तक पहुंच, ग्रमीण विकास, पर्यावरण संधारणीयता, खेल कोचिंग, पारंपरिक कला और संस्कृति का बढ़ावा देना शामिल हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान सेल के सीएसआर व्यय का क्षेत्रवार विवरण इस प्रकार है:-

(रुपए लाखों में)

क्र.सं	**सेल द्वारा सीएसआर पर प्रमुख क्षेत्रवार व्यय**	**21-22**	**22-23***	**23-24***	**24-25 (एच 1)**
1	स्वास्थ्य देखभाल, पेयजल, स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा (वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजनों)	6648	4676	3592	357
2	शिक्षा	850	3041	4398	1157
3	आजीविका सृजन/कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण	333	1574	1739	92
4	खेल, कला और संस्कृति	213	2695	3288	124
5	ग्रामीण विकास और पर्यावरण संधारणीयता	1211	3616	2885	98
6	प्रशासनिक ओवरहेड्स इत्यादि	169	644	291	9
	कुल	**9424**	**16246***	**16193***	**1837**

*(इसमें वर्तमान सीएसआर परियोजनाओं के संबंध में वित्त वर्ष 2022-23 में 51.73 करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 23-24 में 78.26 करोड़ रुपए शामिल हैं)

(घ): सेल ने वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ राज्य के कांकेर, नारायणपुर, राजनांदगांव जिलों; झारखण्ड राज्य के बोकारो, सिंहभूम और रांची जिलों तथा बिहार के बांका जैसे आकांक्षी जिलों में सीएसआर परियोजनाएं शुरू की हैं। बिहार राज्य में सेल ने वर्ष 2023-24 में सीएसआर के तहत तीन परियोजनाएं शुरू की हैं।

(ड.): समुदाय की आवश्यकताओं और सेल की सीएसआर नीति के साथ संरेखण के संदर्भ में, सेल द्वारा कार्यान्वित सीएसआर कार्यक्रमों/परियोजनाओं के समग्र प्रभाव का मूल्यांकन करने हेतु, चयनित परियोजनाओं के लिए प्रभाव आकलन सर्वेक्षण किया जाता है।

*****